हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार 14 नवंबर 2026

तापमान
अधिकतम 29 .2 डिग्री
न्यूनतम 17 .4 डिग्री

12 योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चलेंगी गतिविधियां



12 आमजन की समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता...



## खबर संक्षेप

### दंपत्ती पर लगाया दुकान से चोरी करने का आरोप

**यमुनानगर।** साढौरा में एक दुकान से लाखों रुपये का सामान चोरी हो गया। चोरी का आरोप कविता व उसके पति सुनील कुमार पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव मंगलोर निवासी सतबीर ने साढौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी साढौरा में दुकान है। 30 अक्टूबर को वह दुकान बंद करके घर चला गया था। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो दुकान में सामान बिखरा मिला।

### फोन हैक कर अकाउंट से निकाले 1.42 लाख रुपये

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने गांव झींझरों निवासी संदीप शर्मा का मोबाइल हैक कर उसके अकाउंट से एक लाख 42 हजार रुपये निकाल लिए। जब संदीप शर्मा को अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव झींझरों निवासी संदीप शर्मा ने साइबर क्राइम पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि नौ नवंबर को शाम पांच बजे उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का मैसेज आया। मैसेज पर क्लिक करते ही उसका मोबाइल हैक हो गया।

### हेरोइन तस्करी मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** नग्गल पुलिस की टीम ने 11 ग्राम 30 मिलीग्राम हेरोइन तस्करी के मामले में संलिप्त तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुमित कुमार निवासी डेहा कालोनी, अम्बाला शहर के रूप में हुई है। बीते दिनों थाना नग्गल पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के अंतर्गत जनसुई हैड मोड़ के पास से दो आरोपियों राजिन्द्र कुमार निवासी गुरू नानक कालोनी, इस्माईलाबाद जिला कुरूक्षेत्र और नीशू सोनकर निवासी तेली मण्डी, अम्बाला छावनी को काबू किया था। पुलिस ने उनके कब्जे से 11 ग्राम 30 मिलीग्राम हेरोइन, 9,500 रुपये की नकदी और तस्करी में प्रयुक्त एक गाड़ी बरामद की थी।

### पीओपी मिस्त्री ने सुसाइड किया

**पानीपत।** पानीपत की देवी मूर्ति कॉलोनी में 32 वर्षीय पीओपी कारीगर सुरजीत ने अपने घर पर फंदा लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। वहीं, सुरजीत के इस आत्मघाती कदम से उसकी पत्नी और दो छोटे बच्चों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सुरजीत मूल रूप से आजमगढ़, उत्तर प्रदेश का निवासी है और जीवन यापन के लिए पानीपत में पीओपी मिस्त्री के रूप में कार्य कर रहा था। इधर, पुलिस की जांच में पता चला कि सुरजीत काफी समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद सुरजीत का शव उसके परिजनों को सौंप कर उसकी मौत के मामले की जांच शुरू कर दी है।

### खरना से शुरू होगा 36 घंटे का निर्जला व्रत

# नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ शुरू, सूर्य उपासना में लीन हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

लोक आस्था, श्रद्धा और प्रकृति की उपासना का प्रतीक चार दिवसीय छठ महापर्व शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित इस पावन पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल सहित देश के विभिन्न हिस्सों में मनाए जाने वाले इस पर्व की छटा अब कुरुक्षेत्र सहित हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों में भी दिखाई देने लगी है। छठ महापर्व के पहले दिन नहाय-खाय की परंपरा निभाई जाती है। इस दिन व्रती स्नान कर घरों की साफ-सफाई करते हैं और पूरी शुद्धता के साथ सात्विक भोजन तैयार कर ग्रहण करते हैं। भोजन में मुख्य रूप से चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी बनाई जाती है। शनिवार को दूसरे दिन खरना का अनुष्ठान होगा। इस दिन व्रती दिनभर उपवास रखने के बाद शाम को पूजा-अर्चना कर गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसके बाद लगभग 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाएगा। रविवार को तीसरे दिन संध्या अर्घ्य दिया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालु नदी, तालाब और अन्य जलाशयों के किनारे एकत्रित होकर बांस के सूप और दउरा में ठेकुआ, फल, गन्ना और पूजन सामग्री सजाकर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देंगे। सोमवार को महापर्व के अंतिम दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती अपना व्रत खोलेंगे। इसी के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व का विधिवत समापन होगा। छठ पूजा में बांस के सूप, दउरा, पीतल या तांबे के लोटे, मिट्टी के दीपक, घी, मौसमी फल, गन्ना और पारंपरिक ठेकुआ का विशेष महत्व है। यह पर्व केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक ही नहीं, बल्कि परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की खुशहाली, स्वास्थ्य और लोक संस्कृति से जुड़ी परंपराओं का भी संदेश देता है।



कुरुक्षेत्र। जानकारी देते पूर्वांचल समाज महासभा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पासवान।

### कुरुक्षेत्र ब्रह्मसरोवर पर धूमधाम से मनाया जाएगा 16वां छठ महोत्सव

**कुरुक्षेत्र।** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के पवित्र ब्रह्मसरोवर पर पूर्वांचल समाज महासभा हरियाणा की ओर से रविवार,15 नवंबर को 16वां छठ महोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन को लेकर समाज के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर पूर्वांचल समाज महासभा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पासवान ने अपनी टीम के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने आयोजन से जुड़े पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। प्रदेश अध्यक्ष संतोष पासवान ने बताया कि 15 नवंबर 2026, रविवार को सायं 6 बजे ब्रह्मसरोवर पर छठ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विशाल सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ विशाल भंडारे का भी आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व पूर्वांचल समाज की आस्था, संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सैनी, डॉ. राजेश प्रसाद और धर्मपाल चौधरी सहित अनेक गणमान्य अतिथि शिरकत करेंगे। वहीं प्रसिद्ध भोजपुरी गायिका निशा पांडे अपनी प्रस्तुतियों से सांस्कृतिक कार्यक्रम में चार चांद लगाएंगी। प्रदेश अध्यक्ष संतोष पासवान ने पूर्वांचल समाज सहित सभी धर्मप्रेमी लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस छठ महोत्सव में पहुंचें।

### सूर्य उपासना, आस्था और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता छठ महापर्व : डॉ. सुरेश मिश्रा

**कुरुक्षेत्र।** श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली, कुरुक्षेत्र के पीठाधीश, ज्योतिषाचार्य एवं वास्तु आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2026 में छठ महापर्व 13 नवंबर शुक्रवार से 16 नवंबर 2026 में सोमवार तक मनाया जाएगा। छठ महापर्व सनातन धर्म का अत्यंत प्राचीन, पवित्र एवं लोक आस्था का महान पर्व है। यह पर्व भगवान सूर्यनारायण और छठी मैया की उपासना को समर्पित है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सूर्यदेव संपूर्ण सृष्टि के प्रत्यक्ष देवता हैं, जो संसार को ऊर्जा, प्रकाश और जीवन प्रदान करते हैं। चार दिवसीय पूजा विधान एवं विशेष तिथियों के तहत 13 नवंबर, शुक्रवार नहाय-खायः पवित्र स्नान, सात्विक भोजन और व्रत का संकल्प। 14 नवंबर, शनिवार को खरनाः गुड़ की खीर, रोटी एवं अन्य सात्विक प्रसाद बनाकर भगवान को अर्पित किया जाता है। इसके पश्चात निर्जला व्रत आरंभ होता है। 15 नवंबर, रविवार को संध्या अर्घ्यः कार्तिक शुक्ल षष्ठी पर अस्त होते सूर्यदेव को अर्घ्य दिया जाएगा। कुरुक्षेत्र में स्थानीय सूर्यास्त का समय लगभग शाम 5:26 बजे है। 16 नवंबर, सोमवार उषा अर्घ्यः प्रातः उदय होते सूर्यदेव को अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया जाएगा। कुरुक्षेत्र में सूर्योदय लगभग सुबह 6:48 बजे होगा। अर्घ्य का विशेष महत्व : बांस के सूप में ठेकुआ, नारियल, केला, गन्ना, मौसमी फल, दीपक एवं पूजन सामग्री सजाकर जलाशय में खड़े होकर सूर्यदेव को जल अर्पित किया जाता है। संध्या अर्घ्य में अस्ताचलगामी सूर्य और प्रातः अर्घ्य में उदयमान सूर्य की आराधना की जाती है। महाभारत में सूर्यपुत्र कर्ण की सूर्य उपासना तथा पांडवों द्वारा भगवान सूर्य की आराधना का प्रसंग मिलता है। ब्रह्मवैवर्त पुराण में षष्ठी देवी की महिमा और संतान की रक्षा से जुड़ी मान्यताएं वर्णित हैं। छठी मैया की आराधना भी संतान की सुख-समृद्धि एवं परिवार के कल्याण के लिए की जाती है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि छठ पर्व हमें संयम, शुद्धता, प्रकृति संरक्षण, पारिवारिक एकता और समर्पण का संदेश देता है। श्रद्धालुओं को स्वच्छ जलाशयों में ही पूजा करनी चाहिए तथा पर्यावरण की पवित्रता बनाए रखनी चाहिए।



# जिले में सड़क हादसों में दो मासूम बच्चों की मौत

- सवाबड़ी में डंपर में एक साल दस माह के बच्चे को कुचला, वहीं गांव सरांवा में सड़क किनारे पैदल जा रहे छह साल के बच्चे को मारी टक्कर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में अलग-अलग सड़क हादसों में दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। पहला हादसा व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव सवाबड़ी के पास हुआ। जहां तेज रफ्तार डंपर ने सड़क किनारे खेल रहे एक साल 10 महीने के बच्चे को कुचल दिया। जिससे बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दूसरा हादसा साढौरा थाना क्षेत्र के गांव सरांवा के पास हुआ। जहां पैदल जा रहे छह साल के बच्चे को कार ने टक्कर मार दी। जिससे बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी डंपर व कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के गांव पुर निवासी विजय सिंह ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह गांव सवाबड़ी में परिवार के साथ रहता है। सुबह 10 बजे उसका एक साल 10 महीने का बेटा उपेंद्र सड़क किनारे खेल रहा था। इस दौरान तेज गति से आ रहे डंपर ने उसके बेटे को कुचल दिया। जिससे उसके बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी डंपर चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, गांव सरांवा निवासी शिवकुमार ने साढौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका छह वर्षीय बेटा गुरमीत ट्यूशन पढ़ने के लिए जा रहा था। इस दौरान तेज गति से आ रही कार ने उसके बेटे गुरमीत को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से गुरमीत गंभीर रूप से घायल हो गया।

### अवैध कब्जा हटवाने गए कर्मचारियों पर किया हमला

**यमुनानगर।** साढौरा में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने गई मुंसिपल कमेटी के कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई। मारपीट का आरोप ज्ञानचंद व उसके बेटे राम मूर्ति पर लगा है। आरोपियों पर सरकारी काम में बाधा डालने का भी आरोप है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार साढौरा मुंसिपल कमेटी के सेक्रेटरी नितिन वत्स ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि ज्ञानचंद व राममूर्ति ने कमेटी की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किया हुआ है। उसे काफी दिनों से अवैध कब्जा करने के संबंध में शिकायत मिल रही थी। जब वह कर्मचारियों के साथ अवैध कब्जा हटवाने के लिए गया तो आरोपी ज्ञानचंद व राममूर्ति ने उनके साथ मारपीट की। जिससे वह घायल हो गए।

## तैराकी अकादमी के लिए 90 ने दिखाया दमखम

- अंबाला के वार हीरोज स्टेडियम में हुआ ट्रायल, 25 का होगा चयन, 10 को रखा जाएगा रिजर्व सूची में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

खेल के क्षेत्र में भविष्य बनाने का सपना संजोए प्रदेशभर के युवा तैराकों ने शुक्रवार को अंबाला छावनी के वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम स्थित ऑल वेदर स्वीमिंग पूल में अपनी प्रतिभा और दमखम का प्रदर्शन किया। यहां तैराकी की आवासीय खेल अकादमी में प्रवेश के लिए आयोजित ट्रायल में प्रदेश के विभिन्न जिलों से करीब 90 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों की तैराकी कौशल, गति और प्रदर्शन को परखा गया। ट्रायल विभागीय कमेटी की ओर से जिला खेल अधिकारी अंबाला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कमेटी में मुकेश कुमार, तैराकी प्रशिक्षक पंचकूला तथा प्रकाश कादियान, तैराकी प्रशिक्षक पलवल शामिल रहे। ट्रायल में पानीपत, फतेहाबाद, करनाल, जींद, अंबाला, चरखी दादरी, भिवानी, कुरुक्षेत्र, पंचकूला, हिसार और सिरसा सहित कई जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

### दो आयु वर्गों में परखी गई खिलाड़ियों की प्रतिभा

ट्रायल के लिए सुबह 9 बजे से खिलाड़ियों का पंजीकरण किया गया। इसके बाद ऑल वेदर स्वीमिंग पूल में खिलाड़ियों की स्किल और परफॉर्मेंस का परीक्षण हुआ। 10 से 14 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों को 200 मीटर फ्री स्टाइल, 200 मीटर आईएम, 100 मीटर मेन स्ट्रोक और 50 मीटर फ्री स्टाइल में अपनी क्षमता दिखानी पड़ी। वहीं 15 से 19 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों का 400 मीटर फ्री स्टाइल, 200 मीटर आईएम, 100 मीटर मेन स्ट्रोक और 50 मीटर फ्री स्टाइल में ट्रायल लिया गया।

### चयनित खिलाड़ियों को मिलेगी रहने-खाने की सुविधा

विभागीय जानकारी के अनुसार ट्रायल में प्रदर्शन के आधार पर 25 खिलाड़ियों (लड़के और लड़कियों) का चयन आवासीय तैराकी खेल अकादमी के लिए किया जाएगा, जबकि 10 खिलाड़ियों को रिजर्व सूची में रखा जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को खेल विभाग की ओर से निर्मित हॉस्टल में रहने की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही खिलाड़ियों के भोजन का खर्च भी खेल विभाग द्वारा वहन किया जाएगा।

## समरसता संकल्प यात्रा, हरियाणा के आठ जिलों से गुजरेगी: डॉ. अर्चना

- 25, 26 और 28 नवंबर को हरियाणा में होंगे कार्यक्रम, कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे विशाल धर्मसभा को संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भाजपा की ओर से निकाली जा रही समरसता संकल्प यात्रा का चौथा चरण 18 नवंबर से शुरू होगा। जालंधर के डेरा सचखंड बल्लां से शुरू होकर काशी तक जाने वाली यह 18 दिवसीय यात्रा 2558 किलोमीटर का सफर तय करेगी। यात्रा 25, 26 और 28 नवंबर को हरियाणा के आठ जिलों से गुजरेगी। शुक्रवार को कुरुक्षेत्र स्थित भाजपा जिला कार्यालय गीता कमल में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल सिंह आर्य, कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार, विपुल गोयल, कृष्ण बेदी, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन राणा सहित वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यशाला में यात्रा के स्वागत, जनसभाओं, प्रचार-प्रसार और सामाजिक संगठनों की भागीदारी को लेकर चर्चा की गई। डॉ. अर्चना गुप्ता ने बताया कि यात्रा 25 नवंबर को सहारनपुर से यमुनानगर होते हुए हरियाणा में प्रवेश करेगी। अंबाला से होते हुए कुरुक्षेत्र पहुंचेगी, जहां शाम चार बजे विशाल धर्मसभा होगी।




कुरुक्षेत्र। भाजपा जिला कार्यालय गीता कमल में मंचासीन प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल सिंह आर्य व अन्य नेतागण।

### हरियाणा में 500 बाइक से होगा स्वागत

यात्रा के स्वागत के लिए हरियाणा सीमा पर करीब 500 मोटरसाइकिलों की व्यवस्था की जा रही है। 26 नवंबर को यात्रा कुरुक्षेत्र से करनाल, पानीपत और सोनीपत होते हुए मेरठ जाएगी। सोनीपत में जिला स्तरीय कार्यक्रम होगा। वहीं 28 नवंबर को दिल्ली से फरीदाबाद और पलवल होते हुए यात्रा मथुरा की ओर रवाना होगी। फरीदाबाद में भी जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र में यात्रा से पहले स्वच्छता अभियान, अनुसूचित समाज के 150 से 200 प्रबुद्धजनों के साथ समरस संवाद तथा मंदिर में गुरु रविदास महाराज के चित्र की स्थापना और पूजन किया जाएगा।



### मरीजों की समस्याओं पर मेडिकल कॉलेज प्रशासन को घेरा

**करनाल।** सिटिजन ग्रीवेंसीज कमेटी की उपभोक्ता संरक्षण उप समिति ने कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों को पेश आ रही समस्याओं को लेकर अस्पताल प्रशासन के समक्ष मुद्दे उठाए। कमेटी अध्यक्ष नरेंद्र सुखन के नेतृत्व में प्रदीप चीमा, ओ.पी. सचदेवा और पारस अरोड़ा ने अस्पताल के निदेशक से मुलाकात कर विस्तृत ज्ञापन सौंपा। कमेटी के प्रतिनिधियों ने बताया कि कुछ दिन पहले अस्पताल परिसर के विभिन्न विभागों और सार्वजनिक सुविधाओं का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान मरीजों व उनके साथ आने वाले परिजनों की सुविधा से जुड़ी कई कमियां सामने आई थीं। ज्ञापन के माध्यम से व्यवस्थाओं में सुधार करने और मरीजों को होने वाली असुविधाओं को दूर करने की मांग की गई। अस्पताल निदेशक ने कमेटी के सदस्यों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कमियों को दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। कमेटी ने उम्मीद जताई कि उठाए गए मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान होगा।

## निरीक्षण में खुली सरकारी दफ्तरों की पोल

### कहीं कर्मचारी गायब तो कहीं स्मार्ट बोर्ड धूल फांकते मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

सरकारी दफ्तरों में व्यवस्थाओं और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की हकीकत जानने के लिए शुक्रवार को एसडीएम बराड़ा सतीन्द्र सिवाच ने विभिन्न सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई जगह व्यवस्थाओं में खामियां मिलीं, जबकि कुछ कर्मचारी अपने कार्यस्थल से नदारद मिले। एसडीएम ने लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बीते दिवस शुक्रवार को एसडीएम बराड़ा ने पशु चिकित्सालय जलूबी व उगाला, आंगनबाड़ी केंद्र जलूबी, मिडिल स्कूल जलूबी तथा पीएम श्री स्कूल उगाला का निरीक्षण किया। पशु चिकित्सालय जलूबी में वीएलडीए और उगाला में चिकित्सक ड्यूटी से अनुपस्थित मिले। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र जलूबी में कार्यकर्ता भी गैरहाजिर पाई गई। इस पर एसडीएम ने संबंधित कर्मचारियों से जवाब तलब करने के निर्देश दिए।

### स्कूलों में स्मार्ट बोर्ड मिले, लेकिन उपयोग पर सवाल

स्कूल निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति, स्टॉक व अटेंडेंस रजिस्टर सहित अन्य रिकॉर्ड की जांच की। उन्होंने स्मार्ट बोर्ड उपलब्ध होने के बावजूद उनका समुचित उपयोग नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए डिजिटल संसाधनों का प्रभावी इस्तेमाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने स्कूलों में शौचालयों की सफाई, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता और आधारभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया। जहां आवश्यक सुविधाओं का अभाव है, वहां उन्हें तत्काल उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। साथ ही निपुण भारत मिशन के तहत एफएलएन गतिविधियों और विद्यार्थियों के नियमित मूल्यांकन पर विशेष जोर दिया।

## करनाली गेट पर मिला 50 वर्षीय व्यक्ति का शव, पुलिस मौके पर पहुंची

**तरावड़ी।** करनाली गेट के पास शुक्रवार सुबह एक व्यक्ति का शव पड़ा मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुबह जब लोग अपने कामकाज के लिए वहां पहुंचे तो उन्होंने सडक़ किनारे व्यक्ति को पड़ा देखा। इसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और मामले की सूचना पुलिस प्रशासन को दी गई। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान गांव लल्यानी निवासी करीब 50 वर्षीय पम्मा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह अक्सर आसपास की दुकानों पर लोगों से पैसे मांगकर खाता पीता था स्थानीय लोगों के अनुसार, वह कई बार सडक़ों पर ऊंची आवाज में बोलता हुआ भी दिखाई देता था। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। वहीं, गांव लल्यानी से मृतक के भाई सुरेन्द्र सिंह भी मौके पर पहुंचे। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक शादीशुदा था और उसके चार बच्चे हैं। बाद में उसके भाई एवं परिवार के अन्य सदस्य उसे अपने गांव लल्यानी ले गए। जहां पर परिवार के लोगों ने दाह संस्कार कर दिया। करनाली गेट पर शव मिलने की घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में काफी देर तक लोगों की भीड़ जुटी रही।

## करनाल में हथियार तस्करी पर शिकंजा सात पिस्तौल समेत तीन आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त और सप्लाई के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करनाल पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल ने तीन अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर सात अवैध देशी पिस्तौल और चार मैगजीन बरामद की हैं। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक करन गोयल, आईपीएस के निर्देश पर की गई। सेल प्रभारी उप निरीक्षक राजन सिंह ने बताया कि तीन टीमों ने कार्रवाई की।

पहले मामले में मुख्य सिपाही राजीव कुमार की टीम ने अनुराग यादव पुत्र लाल बहादुर यादव, निवासी पंजाबी बस्ती, मध्य दिल्ली को गिरफ्तार कर 32 बोर की देशी पिस्तौल व दो मैगजीन बरामद कीं। दूसरे मामले में सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह की टीम ने नीरज पुत्र सुरेंद्र, निवासी सोनीपत को गिरफ्तार कर .315 बोर का अवैध देशी कट्टा बरामद किया। तीसरे मामले में आरिफ उर्फ पिस्टल पुत्र इनाम, निवासी गांव तीतरवाड़ा, जिला शामली को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया।

### मेला स्थल पर ऐतिहासिक महत्व को दर्शाने के लिए बनाया जाएगा भव्य म्यूजियम

## श्री कपाल मोचन मेले में श्रद्धालुओं को मिलेगी बेहतर सुविधाएं : किरमच

- हरियाणा सरस्वती विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन ने तीर्थ राज श्रीकपालमोचन में पहुंचकर लिया मेला की तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन धुमन सिंह किरमच ने शुक्रवार को मेला श्री कपाल मोचन क्षेत्र का दौरा कर मेले की तैयारियों एवं तीर्थ क्षेत्र के विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की। बोर्ड़ के वाइस चेयरमैन धुमन सिंह किरमच ने कहा कि अंतरराज्यीय मेला श्री कपाल मोचन श्री आदि बद्री 2026 का आयोजन 20 नवंबर से 24 नवंबर तक किया जाएगा। मेले के उद्घाटन समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पहुंचना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि मेले से संबंधित सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएंगी। ताकि देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का उद्देश्य है कि मेले में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं और इस ऐतिहासिक धार्मिक स्थल का समुचित विकास किया जाए।



यमुनानगर। हरियाणा सरस्वती विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन धुमन सिंह किरमच ने तीर्थ राज श्रीकपालमोचन में पहुंचकर लिया मेला की तैयारियों का जायजा।

### श्री कपालमोचन क्षेत्र का है धार्मिक महत्व

सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन धुमन सिंह किरमच ने कहा कि श्री कपाल मोचन क्षेत्र का धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व अत्यंत प्राचीन है। इस क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास, धार्मिक मान्यताओं और सरस्वती नदी से जुड़े तथ्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए यहां एक भव्य म्यूजियम स्थापित करने की योजना है। इसके माध्यम से युवाओं और श्रद्धालुओं को इस पवित्र तीर्थ स्थल के इतिहास, प्राचीन सभ्यता तथा धार्मिक परंपराओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 1887 में प्रकाशित भारत के प्रथम पुरातत्वविद की पुस्तक में भी कपाल मोचन का उल्लेख एक महत्वपूर्ण पवित्र तीर्थ स्थल के रूप में मिलता है। जहां देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु स्नान एवं दर्शन के लिए पहुंचते थे। उन्होंने बताया कि धार्मिक ग्रंथों एवं ऐतिहासिक मान्यताओं में उल्लेख मिलता है कि सरस्वती नदी कपाल मोचन के तीनों पवित्र सरोवरों को भरने के बाद आगे प्रवाहित होती थी। इस क्षेत्र में सरस्वती नदी के तट पर अनेक ऋषि मुनियों एवं संतों ने तपस्या की है। यह पूरा क्षेत्र सरस्वती नदी की प्राचीन धारा एवं चैनल से जुड़ा हुआ है। इस तीर्थ स्थल का विकास इसके ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए व्यापक स्तर पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कपाल मोचन में ब्रह्म सरोवर कुरुक्षेत्र और गंगा घाट की तर्ज पर यहां भी आरती की शुरुआत की जाएगी।



यमुनानगर। छठ महापर्व के पहले दिन नहाय खाय के साथ सूर्य भगवान की उपासना करते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

**सुबह के वक्त सबसे पहले श्रद्धालुओं ने अपने घरों में साफ सफाई की**

# आस्था के चार दिवसीय छठ महापर्व का नहाय-खाय के साथ हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से शुरु होने वाला चार दिवसीय आस्था का पवित्र त्योहार छठ महापर्व शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरु हो गया। सुबह के वक्त सबसे पहले श्रद्धालुओं ने अपने घरों में साफ सफाई की और इसके बाद स्नान आदि करके सूर्य भगवान की उपासना की और नहाय-खाय से महापर्व का शुभारंभ किया। इस बार छठ महापर्व का समापन 16 नवंबर को सुबह उगते सूर्य को अर्घय देने के साथ होगा।

शुक्रवार सुबह श्रद्धालुओं ने सबसे पहले अपने घरों में साफ सफाई की। इसके बाद सूर्य उदय होते ही श्रद्धालुओं ने स्नान किया और नए वस्त्र धारण किए। स्नान और वस्त्र धारण करने के बाद श्रद्धालुओं ने सूर्य देव को साक्षी मानकर व्रत का संकल्प लिया। श्रद्धालु गीता यादव, रुकमेश, बबली व सोमाली आदि ने बताया कि पहले दिन व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं को चने की सब्जी, चावल और साग का सेवन करना होता है। व्रती के भोजन करने के बाद ही परिवार के अन्य सदस्य भोजन ग्रहण करते हैं। मान्यता है कि छठ महापर्व पर व्रत धारण करने वालों को सुख संपत्ति, समृद्धि समेत संतान की प्राप्ति होती है और सुख समृद्धि का वास होता है। पहले दिन एक सयय ही श्रद्धालु भोजन करते हैं।

**छठ महापर्व के पहले दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने साफ सफाई व स्नान कर की सूर्य की उपासना**

## महिलाएं रखती हैं व्रत

श्रद्धालु उर्मिला, कांति, शिक्षा, रोशनी व रविंद्र यादव आदि ने बताया कि छठ पूजा महापर्व पर सभी चारों दिन महिलाएं परंपराय निभाते हुए व्रत रखती हैं। पूजा पाठ में सख्त नियमों का पालन किया जाता है। महापर्व के चारों दिन पूजन स्थल को पहले गाय के गोबर से लीपकर पवित्रता बनाई जाती है। महापर्व पर दिनों के हिसाब अनुसार पूजा अर्चना की जाती है। पहले दिन नहाय खाय से पूजा अर्चना की जाती है। इस बार छठ महापर्व का समापन 16 नवंबर को होगा।

## दो दिवसीय लगेगा मेला

छठ पूजा पर्व के मौके पर हर वर्ष की तरह इस बार भी शहर के यमुना घाट, बाढ़ी माजरा पुल व हमीदा हैड के नजदीक दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 15 नवंबर को शाम के वक्त प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पहुंचकर मेले का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद श्रद्धालु डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगे और 16 नवंबर को सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर वहां स्थित छठ मैया की वेदियों पर फल, फूल व सब्जियां आदि अर्पित कर पूजा अर्चना करेंगे।

## महिला अपनी दो बेटियों के साथ लापता, केस

**यमुनानगर।** यमुनानगर सिविल अस्पताल में दवाई लेने के लिए गई महिला अपनी दो बेटियों के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शक्ति नगर कॉलोनी जगाधरी निवासी चंद्रशेखर मिश्रा ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी 35 वर्षीय नेहा 29 अक्टूबर को यमुनानगर सिविल अस्पताल में उसकी बेटी तीन वर्षीय देविका व दो वर्षीय हंसिका के साथ दवाई लेने के लिए गई थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। जब उसने अपनी पत्नी के मोबाइल पर संपर्क किया तो उसका फोन बंद मिला। उसने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दी।

### मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर अधिकारियों की बैठक

# बीएलओ के पास पात्र युवा नई वोट बनवाने के लिए करें आवेदन : प्रीति

## उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति ने की बैठक की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। जिला सचिवालय में एसआईआर को लेकर आयोजित राजनैतिक प्रतिनिधियों व संबंधित अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देतीं उपायुक्त प्रीति।

जिला निर्वाचन आयोग द्वारा लघु सचिवालय में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 को लेकर चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रीति ने की।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत्यु, डुप्लीकेट के रूप में चिन्हित मतदाताओं जिनके गणना प्रपत्र वापिस प्राप्त नहीं हुए तथा जिनके नाम 31 जुलाई 2026 को प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सके हैं। ऐसे मतदाताओं को अंतिम रूप से प्रकाशित होने वाली मतदाता सूची में नाम शामिल करवाने का एक ओर अवसर प्रदान करने के लिए राजनैतिक दलों के बीएल की सक्रिय भागीदारी पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान गत 15 जून से 24 जुलाई तक जिला के प्रत्येक मतदाता केन्द्रों पर नियुक्त बीएलओ द्वारा अपने मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में वर्णित प्रत्येक मतदाता के घर जाकर गणना फार्म वितरित किया गया था। जिन मतदाताओं के गणना फार्म प्राप्त नहीं हुए हैं। उनके संबंध में बीएलओ द्वारा पड़ोसी मतदाताओं से पूछताछ के आधार पर अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत्यु, डुप्लीकेट आदि चिन्हित किए गए थे।

## मतदाताओं को करें जागरुक

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति ने बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वह इस बारे आम जनता में ज्यादा से ज्यादा प्रचार करें कि यदि उन्हें सुनवाई हेतु कोई नोटिस प्राप्त होता है तो वे निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर मूल दस्तावेजों सहित अवश्यमेव उपस्थित होवें। उन्होंने बताया कि ऐसे पात्र युवाओं जिनकी आयु 1 जुलाई 2026 को 18 वर्ष या इससे अधिक हो गई है को भी फार्म नंबर 6 में नई वोट हेतु अपना आवेदन संबंधित बीएलओ के पास प्रस्तुत करने हेतु जागरूक करें। ताकि लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, नगराधीश पीयूष गुप्ता, निर्वाचन नायब तहसीलदार प्रशांत कुमार, भाजपा के जिला महामंत्री नरेन्द्र राणा, आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राहुल भान, बहुजन समाज पार्टी की जिला प्रभारी एडवोकेट मधु चौधरी आदि मौजूद रहे।

**जिलास्तरीय बैठक 15 नवंबर को जगाधरी में**

# बसपा का प्रदेश में बढ़ रहा है दिनों दिन जनाधार: डॉ. निर्मल

- बसपा के प्रदेश महासचिव डॉ. निर्मल सिंह ने कैंप में आयोजित प्रेसवार्ता में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

## कार्यकर्ता संगठन पर कर रहे मेहनत



बसपा के प्रदेश महासचिव डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि प्रदेश में आज बसपा का दिनों दिन जनाधार बढ़ रहा है। वहीं, बसपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने में मेहनत कर रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर 15 नवंबर को पार्टी के जिला कार्यकर्ताओं की बैठक जगाधरी के रक्षक विहार नाका के नजदीक जिला कार्यालय में आयोजित की जाएगी। बैठक में प्रदेश व जिलास्तर के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भाग लेंगे।

बहुजन समाज पार्टी की जिलास्तरीय बैठक 15 नवंबर को जगाधरी स्थित पार्टी के कार्यालय में आयोजित की जाएगी। बैठक में मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा एवं राजस्थान के केंद्रीय राज्य प्रभारी सीपी सिंह भाग लेंगे। जबकि अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष राहुल फिरोजपुर करेंगे। उक्त जानकारी बसपा के प्रदेश महासचिव डॉ. निर्मल सिंह ने शुक्रवार को कैंप स्थित अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी।

उन्होंने बताया कि बैठक में विशिष्ठ अतिथियों के रुप में विशाल गुर्जर, सही राम, प्रदेश प्रभारी करनैल सिंह नगला, जोन इंचार्ज धर्मपाल तिगरा, लोकसभा प्रभारी एडवोकेट गुरमुख सिंह व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ब्रह्मपाल सिंह मुख्य रुप से शामिल होंगे। प्रदेश महासचिव डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि जिलास्तरीय बैठक जिला कार्यालय में शाम तीन बजे आयोजित की जाएगी। जिसकी तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने दावा जताया कि आज प्रदेश में जनता महंगाई, बेरोजगारी समेत अन्य मुद्धों को लेकर त्रस्त है। बैठक में संगठन मजबूती के साथ साथ जनता की समस्याओं पर विचार किया जाएगा। उन्होंने बसपा के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों समेत सेक्टर अध्यक्षों से समय पर पहुंचने की अपील की।

# बाल दिवस पर किया रैंप वॉक का प्रदर्शन

**रादौर।** संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल हरनौल एवं सुरेंद्रा हाई स्कूल कैंप में शुक्रवार को बाल दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा बच्चों का स्वागत रेड कार्पेट बिछाकर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों के स्वागत से की गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न मनोरंजक एवं रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों के लिए म्यूजिकल चेयर एवं टग ऑफ वॉर जैसी गतिविधियां करवाई गई। कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए लकी डिप, म्यूजिकल चेयर एवं टग ऑफ वॉर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। वहीं कक्षा पांचवीं से नौवीं तक के विद्यार्थियों ने मनोरंजक



खेलों, मेमोरी गेम तथा शिक्षकों के साथ फ्रिज डांस में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत की गई रंगारंग प्रस्तुतियां रहीं। शिक्षकों ने रैंप वॉक, नृत्य एवं गायन के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिक्षकों की इन प्रस्तुतियों ने बच्चों का खूब मनोरंजन किया।

## छठ पूजा पर ओपन शेल्टर होम के बच्चों ने बनाए आकर्षक पोस्टर

**यमुनानगर।** जिला बाल कल्याण समिति व बाल संरक्षण इकाई द्वारा शहर के ओपन शेल्टर होम में नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए छठ महापर्व के उपलक्ष में पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नन्हें मुन्ने बच्चों ने अपनी कलम और रंगों के माध्यम से छठ महापर्व की पावन छटा को कागज पर उकेरा और प्रदर्शनी के रूप में प्रस्तुत किया। बाल कल्याण समिति और जिला बाल संरक्षण इकाई ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की। बाल कल्याण समिति सदस्य सुशील गुलाटी और मोनिका रानी ने बताया इन बच्चों द्वारा बनाए गए खूबसूरत पोस्टर उनकी रचनात्मकता, अटूट आस्था और अपनी संस्कृति के प्रति गहरे जुड़ाव को दर्शाते हैं। इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां न केवल बच्चों में कला के प्रति रुचि बढ़ाती हैं। बल्कि उनमें अनुशासन, स्वच्छता और अपनी समृद्ध परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना भी जगाती हैं। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि महापर्व छठ को लेकर लोगों की गहरी और अटूट आस्था है।





## पीएम स्वनिधि से हजारों परिवारों को मिली आजीविका: बहमनी

**यमुनानगर।** नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के छह साल पूरे होने के उपलक्ष्य में जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 स्थित मनोहर वेंडिंग जोन में पीएम स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में निगम की मेयर सुमन बहमनी ने भाग लिया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में पार्षद प्रियांक शर्मा और टीएफआई गोपाल बक्शी मौजूद रहे। मौके पर मेयर ने योजना के लाभार्थी स्ट्रीट वेंडर्स को पुरस्कार और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना रेहड़ी पटरी संचालकों और छोटे कारोबारियों के लिए आर्थिक संबल बनकर उभरी है। योजना का लाभ उठाकर स्ट्रीट वेंडर्स अपने कारोबार का विस्तार कर सकते हैं और अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत पात्र वेंडर्स को बिना किसी गारंटी के पहले चरण में 15 हजार रुपये, दूसरे चरण में 25 हजार और तीसरे चरण में 50 हजार रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि यमुनानगर जिले में अब तक 13 हजार 177 पथ विक्रेताओं को पहला, 3 हजार 746 को दूसरा और 841 पथ विक्रेताओं को तीसरा ऋण मिल चुका है।

## देश को विकास, भाईचारा व रोजगार की राजनीति की जरुरत : त्यागी

**यमुनानगर।** कांग्रेस के यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों की गांव बलाचौर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और अन्य ज्वलंत मुद्धों को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे रमन त्यागी ने की। पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी ने कहा कि मुगलों और अंग्रेजों ने भारत पर शासन किया और देश की संपत्ति लूटी। लेकिन उनके दौर की कई ऐतिहासिक इमारतें और व्यवस्थाएं आज भी देश की पहचान बनी हुई हैं। वहीं, आजादी के बाद कांग्रेस सरकारों ने देश के विकास के लिए अनेक बड़े संस्थानों और परियोजनाओं की नींव रखी। मगर वर्तमान भाजपा सरकार ने देश को महंगाई, बेरोजगारी, नोटबंदी, पेपर लीक की घटनाओं और रुपये की गिरती कीमतों के साथ मणिपुर जैसी हिंसा देने का काम किया है। भाजपा द्वारा देश में बांटने वाली राजनीति की जा रही है।

**कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों की बलाचौर में आयोजित हुई बैठक**





## व्यावहारिक कौशल छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक : डॉ. गर्ग

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग तथा क्रिएटिव फिंगर्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए जेएमआईटीस गॉट लेटेंट सीजन वन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने दीप प्रज्जवलित करके किया। मौके पर विद्यार्थियों ने जेएमआईटीस गाट लेटेंट सीजन वन प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने बताया कि लेटेंट सीजन वन प्रतियोगिता में छात्रा गोरी ने प्रथम, केशव ने द्वितीय व खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका संस्थान के पूर्व विद्यार्थियों अरुष, कशिश, संयम एवं नितिश ने निभाई। इस दौरान विजेता प्रतियोगियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना, उनके आत्मविश्वास, व्यक्तित्व विकास और मंचीय कौशल को प्रोत्साहित करना रहा।

## मधुमेह से बचाव हेतु चावल खाने से करें गुरेज : डॉ.परमार

**यमुनानगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रादौर में शुक्रवार को विश्व मधुमेह दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एसएमओ डॉ. विजय परमार ने मधुमेह से बचने के उपाय बताये। डॉ.परमार ने बताया कि मीठा कम खाना चाहिए। चावल नहीं खाना चाहिए। साल में एक बार अपना शुगर टेस्ट अवश्य करवाना चाहिए। उन्होंने बताया कि खून में ग्लूकोज का स्तर निर्धारित सीमा से अधिक होता है, तो ऐसी स्थिति को मधुमेह रोग कहते हैं।



दरअसल मधुमेह या डायबिटीज जीवनशैली या वंशानुगत बीमारी है। जो शरीर में पैंक्रियाज ग्रंथियों के निष्क्रिय होने पर रोगी को प्रभावित करती है। पैंक्रियाज यानि अग्न्याशय ग्रंथियों के निष्क्रिय होने पर इंसुलिन (रक्त में शर्करा की मात्रा को संतुलित करने वाला हार्मोन) बनना बंद हो जाता है। इसके साथ ही कोलेस्ट्रॉल और वसा भी असामान्य हो जाते हैं, जिस कारण वाहिकाओं में बदलाव होता है और आंखों, गुर्दे, दिमागए दिल आदि संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होने मधुमेह के लक्षण के बारे जानकारी देते हुए कहा कि थकान, कमजोरी, पैरों में दर्द, क्योंकि ग्लूकोज ऊर्जा में परिवर्तित नहीं हो पाता। पैर का घाव ठीक न होना या गैंग्रीन का रूप ले लेना। अधिक पेशाब और भूख लगना। वजन कम होना। बार-बार चश्मे का नंबर बदलना। जननांगों में खुजली और संक्रमण होना। दिल या मानसिक समस्याएं। उन्होने बताया कि नियमित शुगर स्तर की जांच कराए।

## ग्राहक को खराब कपड़े देने पर फोरम ने दुकानदार को पाया दोषी

**यमुनानगर।** दुकानदार द्वारा ग्राहक को पंसद की गई बच्चों की स्कूल की यूनिफार्म के स्थान पर अल्टर किए हुए खराब कपड़े देना भारी पड़ गया। मामले में उपभोक्ता विवाद निवारण फोरम ने दुकानदार को सेवा में कमी का दोषी पाए जाने पर यूनिफार्म की कीमत लौटाने और मानसिक प्रताड़ना व मामले के खर्च के रुप में 5500 रुपये ग्राहक को दिए जाने के आदेश दिए। जानकारी के मुताबिक शहर की अमरपुरी कॉलोनी निवासी रविंदर कुमार ने 30 अक्तूबर 2025 को वर्कशॉप रोड स्थित गारमेंट्स एंड स्कूल यूनिफार्म से बच्चों के लिए एक पैंट, एक ब्लेजर और पांच जोड़ी जुराबें खरीदी थीं। इसके लिए उन्होंने 1600 रुपये का भुगतान किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने घर पहुंचकर बैग खोला तो उसमें रखे कपड़े उनके द्वारा पसंद किए गए कपड़ों से अलग और खराब हालत में मिले। आरोप है कि दुकानदार ने कपड़ों को पहले ही छोटा कर रखा था। वह तुरंत कपड़ों को लेकर दुकान पर पहुंचा और दुकानदार से उन्हें वापस लेने व उसके पैसे लौटाने की बात कही। जिस पर दुकानदार ने सामान बदलने और पैसे लौटाने से इनकार कर दिया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि इस दौरान दुकानदार ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया और दोबारा दुकान पर आने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। इसके बाद उन्होंने 31 अक्तूबर को कानूनी नोटिस भेजा। लेकिन समाधान नहीं हुआ। आखिरकार 26 नवंबर 2025 को उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कराई। सुनवाई के दौरान दुकानदार ने आरोपों से इनकार करते हुए बिल दूसरे व्यक्ति के नाम पर होने की दलील दी। आयोग ने इस तकनीकी आपत्ति को स्वीकार नहीं किया। सुनवाई के दौरान आयोग ने कपड़ों का निरीक्षण किया तो ब्लेजर के कफ और नीचे की लंबाई तथा पैंट की लंबाई अंदर से काटकर छोटी की हुई मिली। पांचों जोड़ी जुराबें भी एक ही साइज की थीं। जबकि बच्चों की कक्षाएं अलग अलग थीं। आयोग के अध्यक्ष राजबीर सिंह और सदस्य जसविंदर सिंह व सुमन राणा की पीठ ने पांच नवंबर 2026 को फैसला सुनाते हुए दुकानदार को 45 दिन में भुगतान करने के आदेश दिए। निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं करने पर आदेश की प्रति मिलने की तारीख से वास्तविक भुगतान तक नौ प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज भी देना होगा।

**शुगर मिलों को गन्ना सप्लाई नहीं किए जाने का लिया निर्णय**

**आर पार की लड़ाई के लिए एकजुट हुए किसान**

# गन्ने के दामों में मात्र 15 रुपये की बढ़ौत्तरी पर्याप्त नहीं : गुंदियाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। गन्ने की कीमत में वृद्धि की मांग को लेकर धरने पर बैठे किसान।

गन्ने के भाव में सरकार की ओर से की गई 15 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ौत्तरी से नाराज किसानों ने अब आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी की महापंचायत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक सरकार गन्ने का भाव नहीं बढ़ाती, तब तक प्रदेश की किसी भी शुगर मिल को किसान गन्ना नहीं देंगे। किसानों ने स्पष्ट किया कि इस बार मिलों को गन्ने की आपूर्ति नहीं की जाएगी और मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। इसके साथ ही 15 नवंबर से यमुनानगर स्थित सरस्वती शुगर मिल के बाहर धरना शुरू करने का निर्णय लिया गया। शुक्रवार को सरस्वती शुगर मिल के गन्ना यार्ड में आयोजित महापंचायत में हरियाणा के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में किसान पहुंचे। महापंचायत में गन्ने के दाम में की गई बढ़ोतरी को नाकाफी बताते हुए सरकार के फैसले पर नाराजगी जताई गई। किसानों ने कहा कि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। खाद, बीज, डीजल, मजदूरी और कृषि उपकरणों पर खर्च बढ़ने के बावजूद सरकार ने गन्ने के भाव में केवल 15 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की है। यह किसानों के साथ न्याय नहीं है। भाकियू के जिलाध्यक्ष संजू गुंदियाना ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से की गई बढ़ोतरी किसानों की उम्मीदों के अनुरूप नहीं है। महंगाई के इस दौर में खेती करना लगातार महंगा होता जा रहा है। ऐसे में गन्ने का उचित भाव मिलना किसानों का हक है। सरकार को किसानों की परेशानी समझते हुए गन्ने के रेट में पर्याप्त बढ़ोतरी करनी चाहिए। मौके पर भाकियू प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष कर्म सिंह मथाना, गन्ना संघर्ष समिति भादसो के प्रधान रामपाल चहल, विनोद राणा नारायाणगढ़, कुलदीप सिंह शाहबाद शुगर मिल, शिव कुमार संधाला, रिखीराम, मलकीत, मनजीत, जोरा सिंह, संदीप टोपरा, कृष्णपाल आदि मौजूद थे।

## बाल दिवस पर बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

लाइक पब्लिक स्कूल रादौर में शुक्रवार को बाल दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा बाल दिवस के महत्व पर सुंदर भाषण प्रस्तुत किए गए। इसके साथ ही क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी ज्ञान एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों जैसे डांस, गीत एवं कविता पाठ के माध्यम से सभी का मनमोह लिया। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। शिक्षकों ने बच्चों को पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जीवन एवं बच्चों के प्रति उनके प्रेम के बारे में जानकारी दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या नेहा देवी ने सभी विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, ज्ञान, रचनात्मकता एवं छिपी हुई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना था।




यमुनानगर। लाइक पब्लिक स्कूल रादौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

## खबर संक्षेप

### 15 को कुरुक्षेत्र में चौपाल करेंगे सांसद दीपेंद्र हुड्डा

**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस सांसद चौधरी दीपेंद्र सिंह हुड्डा 15 नवंबर को 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत थानेसर विधानसभा क्षेत्र में दो चौपाल कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इस दौरान वे ग्रामीणों और शहरवासियों से सीधा संवाद कर अभियान के उद्देश्य और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रखेंगे। कांग्रेस ओबीसी विभाग के पूर्व प्रदेश संयोजक प्रवीन कश्यप दयालपुर ने बताया कि सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा रविवार को शाम 3:30 बजे गांव बारना में तथा शाम 4:30 बजे आजाद नगर (100 फुटा रोड), थानेसर में आयोजित चौपाल कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

### महावीर अस्पताल में नेत्र जांच शिविर 15 को


**लाडवा।** जरूरतमंद लोगों को आंखों से संबंधित बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 15 नवंबर दिन रविवार को लाडवा के इंद्री रोड स्थित महावीर दल धर्मार्थ अस्पताल में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया जाएगा। यह शिविर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार सेठ मुकुंद लाल आई.विंग की ओर से श्री सनातन धर्म महावीर दल लाडवा के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ सुबह 9 बजे मुख्यमंत्री के ए.डी.सी. महेंद्र सिंह करेंगे।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने पीएमश्री विद्यालय देवीदासपुरा का किया निरीक्षण

# प्रत्येक बच्चे की सफलता ही मिशन का लक्ष्य, असफलता स्वीकार्य नहीं : कालड़ा

डीईओ ने कमजोर विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं लगाने और अभिभावकों से निरंतर संवाद रखने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा फोटो : हरिभूमि

जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देवीदासपुरा का निरीक्षण कर प्रदेश सरकार के सफलता मिशन के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की प्राचार्या, दसवीं एवं बारहवीं कक्षाओं के विद्यार्थियों और संबंधित विषयों के शिक्षकों से सीधा संवाद कर बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से पाठ्यक्रम की तैयारी और विषयों में आ रही कठिनाइयों के बारे में जानकारी ली। विद्यालय में कक्षाएं बरामदों में संचालित होने के संबंध में प्राचार्या ने बताया कि भवन के 14 कमरे असुरक्षित घोषित होने के कारण गिराए जा चुके हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर मलबा हटाए जाने और परिसर की साफ-सफाई का भी निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने शिक्षकों के साथ बैठक कर विद्यालय के रिजल्ट रजिस्टर का अवलोकन किया तथा पिछले सत्र के परीक्षा परिणामों की वर्तमान सत्र की अर्धवार्षिक परीक्षाओं से तुलना की। रेड जोन में शामिल कमजोर विद्यार्थियों के प्रदर्शन में सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। शिक्षकों ने बताया कि ऐसे विद्यार्थियों के लिए विशेष रेमेडियल कक्षाएं लगाई जा रही हैं और पीटीएम के माध्यम से अभिभावकों को भी बच्चों की शैक्षणिक स्थिति से अवगत करवाया जा रहा है।

### प्रत्येक बच्चे की सफलता शिक्षक की जिम्मेदारी : डीईओ

सुधीर कालड़ा ने कहा कि यदि 50 में से 49 विद्यार्थी पास होते हैं तो परिणाम 98 प्रतिशत होता है, लेकिन असफल रहने वाले एक विद्यार्थी के परिवार के लिए परिणाम शून्य प्रतिशत है। इसलिए प्रत्येक बच्चे की सफलता को शिक्षक अपनी जिम्मेदारी समझें। उन्होंने कमजोर विद्यार्थियों पर व्यक्तिगत ध्यान देने और अभिभावकों से नियमित संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफलता मिशन का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को पास करवाना नहीं, बल्कि उन्हें अच्छे अंकों के साथ सफल बनाकर भविष्य के बेहतर अवसरों के योग्य बनाना है। प्रधान सचिव स्कूल शिक्षा विजय सिंह दहिया के विजन के अनुरूप शुरू किए गए इस मिशन को पूरी निष्ठा से लागू कर शत-प्रतिशत परिणाम सुनिश्चित करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# सांसद खेल महोत्सव में लाडवा के पहलवानों ने दिखाया दम



कुरुक्षेत्र। कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र।

- 10 भार वर्गों में खिलाड़ियों ने जीते प्रथम स्थान

सांसद खेल महोत्सव 2.0 के तहत लाडवा विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए द्रोणाचार्य स्टेडियम में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पहलवानों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ मैट पर उतरकर अपने दमदार दांव-पेंच दिखाए। विभिन्न भार वर्गों में हुए रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत इन प्रतियोगिताओं में 45 से 50 किलोग्राम भार वर्ग में कार्तिक, 50 से 55 किलोग्राम में आर्यन, 55 से 60 किलोग्राम में आर्यन, 60 से 65 किलोग्राम में लविश, 65 से 70 किलोग्राम में रमन, 70 से 75 किलोग्राम में सचिन और 75 से 80 किलोग्राम में सावन ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसी प्रकार 80 से 85 किलोग्राम भार वर्ग में मलकीत, 85 से 90 किलोग्राम में प्रिंस तथा 90 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में आदित्य ने बाजी मारी। इस अवसर पर सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मबीर सिंह ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर आयोजित सांसद खेल महोत्सव में खेल प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने के लिए उन्हें खेल गतिविधियों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। सांसद खेल महोत्सव इसी दिशा में सांसद नवीन जिन्दल की एक सार्थक पहल है।

# बाबू बालमुकुंद गुप्त ने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ी साहित्यिक लड़ाई : प्रो. कुलदीप चंद

- बालमुकुंद गुप्त की जयंती पर गुप्त सभागार में हुई संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। डॉ. प्रीतम सिंह को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग की ओर से महान साहित्यकार, निर्भीक पत्रकार एवं चिंतक बाबू बालमुकुंद गुप्त की जयंती पर गणपति चंद्र गुप्त सभागार में संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री मुख्य अतिथि रहे। प्रो. अग्निहोत्री ने कहा कि बाबू बालमुकुंद गुप्त ने अपनी लेखनी के माध्यम से अंग्रेजों के खिलाफ साहित्यिक लड़ाई लड़ी। उन्होंने पत्रकारिता को समाचारों तक सीमित न रखकर राष्ट्रीय चेतना, जनजागरण और सामाजिक बदलाव का सशक्त माध्यम बनाया। डॉ. भीमराव अंबेडकर शोध संस्थान के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह ने कहा कि गुप्त का साहित्य सामाजिक एवं राष्ट्रीय चेतना का महत्वपूर्ण दस्तावेज है। उनके व्यंग्य 'शिवशंभू के चिट्ठे' ने तत्कालीन अंग्रेजी शासन की नीतियों पर तीखे प्रहार किए। संस्कृत प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ. चितरंजन दास कौशल ने देवनागरी लिपि के प्रचार में उनके योगदान को रेखांकित किया। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. महासिंह पूनिया ने कहा कि विद्यार्थियों को उनके साहित्य से सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रीय चेतना की प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रो. महासिंह पूनिया ने घोषणा की कि बाबू बालमुकुंद गुप्त के साहित्य को अगले शैक्षणिक सत्र से विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा, ताकि नई पीढ़ी उनके साहित्यिक योगदान और राष्ट्रवादी विचारों से परिचित हो सके।



## बाल दिवस पर डीपीएस में पेंटिंग प्रतियोगिता 50 विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

**कुरुक्षेत्र।** बाल दिवस के उपलक्ष्य में दिल्ली पब्लिक स्कूल में उजाला सिग्नस अस्पताल के सौजन्य से पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के 50 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को दो वर्गों में विभाजित किया गया था। ग्रुप-ए में कक्षा 4 से 7 तक तथा ग्रुप-बी में कक्षा 8 से 10 तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता को रंगों के माध्यम से कागज पर उकेरते हुए आकर्षक चित्र बनाए, जिनकी उपस्थित लोगों ने सराहना की। ग्रुप-ए में कक्षा 4 के जसनूर ने प्रथम, कक्षा 5 की स्वास्तिका ने द्वितीय और कक्षा 6 की अनन्या ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं ग्रुप-बी में कक्षा 8 की गरिमा प्रथम, हरजोत द्वितीय और अन्नपूर्णा तृतीय स्थान पर रही। सभी विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर टीम सिग्नस ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन और उजाला सिग्नस अस्पताल की टीम ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियां आयोजित करने का आश्वासन दिया।

# संगमेश्वर मंदिर पहुंचे अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र

- श्रद्धालुओं को सुविधाएं देने के लिए संस्था कर रही प्रयास : रविंद्र पुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा



श्रीपंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के सचिव व अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी शुक्रवार को संगमेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचे। यहां उन्होंने मंदिर की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद श्रद्धालुओं से मुलाकात की। मंदिर सचिव महंत विश्वनाथ गिरी के सानिध्य में मुख्यमंत्री नायब सैनी के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, महंत धीरज पुरी और सेवा दल प्रबंधक भूषण गौतम ने महंत रविंद्र पुरी का अभिनंदन किया। इस अवसर पर महंत रविंद्र पुरी ने श्रद्धालुओं को छठ पूजा की बधाई देते हुए कहा कि भगवान सूर्य की उपासना का यह पवित्र दिन पूर्वांचल सहित सभी लोगों के लिए श्रद्धा का विशेष पर्व है। उन्होंने कहा कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधाएं देने के लिए संस्था लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सैनी प्रत्येक वर्ष संगमेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना करके यहां कोई ना कोई नई सौगात दे रहे हैं। प्राचीन सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार और धार्मिक स्थलों के विकास में भाजपा सरकार अहम रोल अदा कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के प्रयास से मंदिर के मुख्य रास्ते को फोरलेन सड़क में तबदील करने के लिए करोड़ों रुपए का बजट खर्च किया गया है। उन्होंने सेवादल प्रबंधक भूषण गौतम से मार्च 2027 में आने वाले महाशिवरात्रि पर्व को लेकर सभी तैयारियां अभी से शुरू करने के निर्देश भी दिए। सेवादल प्रबंधक भूषण गौतम ने बताया कि वार्षिक मेलों के विस्तार के लिए मंदिर विशेष योजना पर काम कर रहा है। मेला क्षेत्र का विस्तार किया जा रहा है।



## बाल दिवस पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय बिशनगढ़ में बच्चों को वितरित की स्टेशनरी

कुरुक्षेत्र। राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बिशनगढ़ में बाल दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जीएनएम स्वाति ने विद्यालय के बच्चों को स्टेशनरी सामग्री वितरित की। स्टेशनरी पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में विद्यालय प्रभारी रमेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उनके सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, संस्कार और उचित मार्गदर्शन बेहद आवश्यक हैं। उन्होंने स्वाति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोग से बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर ज्योति ने कहा कि बाल दिवस बच्चों की प्रतिभा, खुशियों और उनके उज्ज्वल भविष्य को समर्पित दिन है। जीएनएम स्वाति ने बच्चों को पढ़ाई के प्रति जागरूक रहने तथा जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार ने स्वाति का आभार व्यक्त किया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उषा और शमशेर सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

## स्वर्गीय ओपी शर्मा की स्मृति में भारतीय पत्रकार कल्याण मंच देगा स्मृति अवार्ड



**कुरुक्षेत्र।** पत्रकारिता जगत में स्वर्गीय ओपी शर्मा के योगदान और उनकी स्मृतियों को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से भारतीय पत्रकार कल्याण मंच (रजि.) उनके नाम पर 'स्वर्गीय ओपी शर्मा स्मृति अवार्ड' शुरू करेगा। इस सम्मान के माध्यम से पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध में भारतीय पत्रकार कल्याण मंच की कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक चंडीगढ़ में आयोजित की गई। बैठक में मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कोमल चंद रमोला, चंडीगढ़ अध्यक्ष साजन शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव राजकुमार भारद्वाज तथा हरियाणा उपाध्यक्ष मंजीत कुमार शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से स्वर्गीय ओपी शर्मा के नाम पर स्मृति सम्मान शुरू करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद चंडीगढ़ प्रेस क्लब में स्वर्गीय ओपी शर्मा की स्मृति में आयोजित शोक सभा के दौरान इस निर्णय की औपचारिक घोषणा की गई। मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कोमल चंद रमोला ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उपस्थित पत्रकारों को अवार्ड शुरू करने की जानकारी दी। कोमल चंद रमोला ने कहा कि स्वर्गीय ओपी शर्मा का व्यक्तित्व और पत्रकारिता के प्रति उनका समर्पण हमेशा याद रखा जाएगा। उनके नाम पर शुरू किया जा रहा स्मृति सम्मान उनके पत्रकारिता जगत में दिए गए योगदान को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस पहल से पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रोत्साहन भी मिलेगा।



## गुरु ब्रह्मानंद सभा गढ़ी रोड़ान ने जरूरतमंद लोगों में वितरित किए सहायक उपकरण

पिहोवा। गुरु ब्रह्मानंद सभा गढ़ी रोड़ान की तरफ से कार्यक्रम आयोजित करके जरूरतमंद लोगों में सहायक उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम में सांसद नवीन जिंदलके कार्यालय की ओर से हल्का प्रभारी जीत राम और डॉ. राजकुमार ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर सभा की ओर से दी गई कानों की हियरिंग मशीनें, बुजुर्गों के लिए सहायक छड़ियां उन तक पहुंचाते हुए सांसद नवीन जिंदल की कल्याणकारी नीतियों से लोगों को अवगत कराया गया। डॉ. राजकुमार ने कहा कि जरूरतमंद लोगों तक सहायक उपकरण पहुंच कर उनका जीवन सुगम करने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिंदल द्वारा शुरू की गई पहल से जुड़ते हुए गुरु ब्रह्मानंद सभासमाज की सेवा में अहम योगदान निभा रही है।उन्होंने युवाओं को वर्तमान में जारी सांसद खेल महोत्सव की जानकारी देते हुए उनसे इस खेल प्रतियोगिता से जुड़ने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर गुरु ब्रह्मानंद सभा के प्रधान हरिराम, जिला परिषद सदस्य सुंदरपाल सारसा, नरेश आर्य, भाजपा बूथ अध्यक्ष हरिराम, बीएलए टू भीम सिंह, भाग सिंह, मदन लाल, रमेश आर्य, वीरमान व सोहनलाल आदि रहे।

## जीवन को अज्ञानता के अंधकार से निकालकर सफलता तक पहुंचाती है शिक्षा : बीके प्रीति



कुरुक्षेत्र। शिक्षा केवल किताबी ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि यह व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारने, आत्मविश्वास बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने का सशक्त आधार है। शिक्षा वह प्रकाश है, जो जीवन से अज्ञानता का अंधकार मिटाकर सफलता और आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त करती है। यह विचार ब्रह्माकुमारी बी.के. प्रीति बहन ने राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ऑनलाइन सत्र में व्यक्त किए। उदयन शालिनी फैलोशिप (यूएसएफ), कुरुक्षेत्र की ओर से डॉ. सुषमा शर्मा, कन्वीनर, यूएसएफ कुरुक्षेत्र के मार्गदर्शन में इस विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इसमें ब्रह्माकुमारी पिंकी बहन (हैदराबाद) ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम के आरंभ में डॉ. सुषमा शर्मा ने शालिनियों को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के महत्व से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि यह दिवस स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री एवं महान स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती पर मनाया जाता है। उन्होंने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन और महिला सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। बी.के. प्रीति बहन ने मौलाना अबुल कलाम आजाद के जीवन और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके प्रयासों ने देश में शिक्षा के प्रसार और शैक्षणिक संस्थानों के विकास को नई दिशा दी।



## अक्षरा स्कूल में धूमधाम से मनाया बाल दिवस

**पिहोवा।** अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर किंडरगार्टन विंग के प्लेवे, नर्सरी से लेकर यूकेजी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए विशेष प्रार्थना सभा कराई गई। कार्यक्रम के दौरान मैनेजिंग डायरेक्टर जन्नत काहड़ा ने बच्चों को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म, उनके जीवन परिचय तथा बच्चों के प्रति उनके विशेष प्रेम और स्नेह के बारे में रोचक जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू को बच्चों से बहुत लगाव था और बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। इसी कारण उनके जन्मदिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के खेलों एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया और खूब आनंद उठाया। पूरा विद्यालय परिसर बच्चों की हंसी, मुस्कान और खुशियों से गूंज उठा। चेयरपर्सन पूनम काहड़ा ने कहा कि बच्चे देश का उज्ज्वल भविष्य हैं। उनकी मासूमियत, जिज्ञासा और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## कुवि के भौतिकी विभाग में एलुमनी मीट-2026, छात्रों ने साझा किए विचार

# पूर्व विद्यार्थियों की उपलब्धियां विश्वविद्यालय की पहचान: सचदेवा

भौतिकी विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मुकुट में एक अनमोल रत्न के समान : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र




कुरुक्षेत्र। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग द्वारा शुक्रवार को एलुमनी मीट-2026 का आयोजन किया गया। क्वांटम एंटैंगलमेंट थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में विभाग के पूर्व विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विद्यार्थी जीवन की यादों को ताजा करते हुए अनुभवों एवं उपलब्धियों को साझा किया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने पूर्व विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान की वास्तविक पहचान उसके विद्यार्थियों की उपलब्धियों और उनके योगदान से बनती है। जिस प्रकार भौतिकी में एक कण से उत्पन्न तरंगें दूर-दूर तक अपना प्रभाव छोड़ती हैं, उसी प्रकार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों की उपलब्धियां भी विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सकारात्मक छाप छोड़ रही हैं। इस एलुमनी मीट में यह प्रभाव स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है, जहां विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी व्यवसाय, इसरो, सिविल सेवाओं सहित विभिन्न प्रतिष्ठित क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देकर संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कहा कि भौतिकी विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मुकुट में एक अनमोल रत्न के समान है। विभाग ने दशकों से उत्कृष्ट शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों और पेशेवरों को तैयार कर विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उन्होंने लगभग 400 पूर्व विद्यार्थियों की सहभागिता से आयोजित इस भव्य एलुमनी मीट के लिए पूरे भौतिकी विभाग को बधाई दी। श्रीविश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी, दूधौला, पलवल के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन पूर्व विद्यार्थियों के अनुभवों और वर्तमान विद्यार्थियों की आकांक्षाओं के बीच एक सार्थक सेतु का कार्य करते हैं।

### इन्होंने साझा किए कार्यक्रम में विचार

डॉ. सुधीर अरोड़ा, वैज्ञानिक एफ, सीएसआईआर-निस्केयर; प्रो. नफे सिंह, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, भौतिकी विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय; प्रो. दिनेश अग्रवाल, कुलपति, श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, पलवल; डॉ. मनु मेहता, वैज्ञानिक, इसरो; डॉ. टी.के. शर्मा, सेवानिवृत्त आईएएस एवं पूर्व उपायुक्त, कुरुक्षेत्र; डॉ. सत्यपाल अरोड़ा, कोल इंडिया लिमिटेड के पूर्व उप मुख्य सामग्री प्रबंधक एवं वर्तमान में पेटेंट अधिवक्ता; डॉ. भारत भूषण, वरिष्ठ निदेशक (आईटी), सेवानिवृत्त, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, चंडीगढ़; कर्नल हरनाम सिंह, कोर ऑफ सिग्नल्स, भारतीय सेना तथा उद्योगपति एस. मनमोहन शर्मा, पानीपत शामिल रहे।

## अक्षरा स्कूल में धूमधाम से मनाया बाल दिवस

**पिहोवा।** अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर किंडरगार्टन विंग के प्लेवे, नर्सरी से लेकर यूकेजी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए विशेष प्रार्थना सभा कराई गई। कार्यक्रम के दौरान मैनेजिंग डायरेक्टर जन्नत काहड़ा ने बच्चों को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म, उनके जीवन परिचय तथा बच्चों के प्रति उनके विशेष प्रेम और स्नेह के बारे में रोचक जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू को बच्चों से बहुत लगाव था और बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। इसी कारण उनके जन्मदिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के खेलों एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया और खूब आनंद उठाया। पूरा विद्यालय परिसर बच्चों की हंसी, मुस्कान और खुशियों से गूंज उठा। चेयरपर्सन पूनम काहड़ा ने कहा कि बच्चे देश का उज्ज्वल भविष्य हैं। उनकी मासूमियत, जिज्ञासा और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष को राहत

**बराड़ा।** हरियाणा भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष रिचा पाहवा और उनकी सास सीता रानी को जमीन के मामले में फिलहाल अदालत से राहत मिली है। दोनों के खिलाफ जारी वारंट को माननीय न्यायालय ने खारिज कर दिया है। यह जानकारी एडवोकेट सुनील आनंद ने दी। इस बारे में जानकारी देते हुए एडवोकेट सुनील आनंद ने बताया कि बीती 6 नवंबर 2026 को मनमोहन सिंह द्वारा सोशल मीडिया पर रिचा पाहवा के खिलाफ वारंट जारी होने को लेकर लगाए गए आरोपों के संबंध में शुक्रवार को अदालत में सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने रिचा पाहवा और सीता रानी के खिलाफ जारी वारंट खारिज कर दिए। उन्होंने बताया कि दूसरी ओर, हन्नी पाहवा की ओर से मनमोहन सिंह के खिलाफ ब्लैकमेलिंग के आरोप में थाना मुलाना में शिकायत दी गई है, जिस पर अभी पुलिस की कार्रवाई जारी है। उन्होंने कहा कि मामले से जुड़ी आगामी कानूनी प्रक्रिया कानून के अनुसार आगे बढ़ रही है। मनमोहन सिंह की गिरफ्तारी को लेकर भी कानूनी प्रक्रिया जारी होने की बात कही गई है।

### बच्चों को खिलाई कृमि मुक्ति की दवा

**जींद।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शुक्रवार को जींद शहर की स्लम बस्तियों और झुग्गी व झोपडिय़ों में घर-घर जाकर बच्चों और पात्र लाभार्थियों को कृमि मुक्ति की दवा खिलाई। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने इस दौरान लोगों को पेट के कीड़ों से होने वाली बीमारियों और डेंगू व मलेरिया से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी। स्वास्थ्य कर्मचारियों की टीम ने बस्तियों में रहने वाले परिवारों से संपर्क कर पात्र बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाईं।

### महाराजा अग्रसेन स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता

**जींद।** बाल दिवस के पावन अवसर पर महाराजा अग्रसेन गल्र्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों के लिए एक भव्य खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 50 मीटर सिंपल रेस, फरोग रेस, ट्राई साइकिल रेस, रिंग रेस, लेमन स्पून रेस, थ्री लैग रेस, सैक रेस, स्किपिंग रोप रेस, वन लैग रेस, मटकी रेस, थ्री लैग रेस, रिले रेस शामिल थी। इस अवसर पर विद्यालय का प्रांगण उत्साह, उमंग और खेल भावना से सराबोर नजर आया। विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में पूरे जोश, आत्मविश्वास और उत्साह के साथ भाग लिया।

### 24 नवंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा गुरुपर्व

**नरवाना।** गुरूनानक देव का गुरूपर्व आगामी 24 नम्बर दिन मंगलवार को गुरूद्वारा सिंह सभा, ढाणी मण्डी नरवाना में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। गुरूद्वारे के प्रधान कृष्ण घुम्मन ने बताया कि यह गुरूद्वारा करीब 70 वर्ष पुराना है तथा यह शहर का सबसे बड़ा गुरूद्वारा है। गुरूपर्व पर मंत्री कृष्ण बेदी मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे और गुरूनानक देव के जीवन पर प्रकाश डालेंगे। कहा कि मंत्री कृष्ण बेदी ने गुरूद्वारे के निर्माण कार्य के लिए लाखों की ग्रांट देने का काम किया।

# हर पात्र लाभार्थी को मिले आयुष्मान-चिरायु का लाभ, स्वास्थ्य वैन से गांव-गांव होगी जांच, उपायुक्त ने बैठक में की योजनाओं और अभियानों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭अंबाला

जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक बेहतर तरीके से पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग को सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, सरकारी योजनाओं और विभिन्न स्वास्थ्य अभियानों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नागरिक अस्पताल के साथ-साथ पीएचसी और सीएचसी में आने वाले मरीजों को भी बेहतर उपचार और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाई जा रही मोबाइल हेल्थ वैन को लेकर भी गंभीरता दिखाई। उन्होंने वैन का शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए रोस्टर तैयार कर नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों की समय पर जांच होने से बीमारियों की पहचान शुरुआती स्तर पर की जा सकेगी और संदिग्ध मरीजों को उपचार के लिए प्रेरित किया जा सकेगा। बैठक में टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, परिवार नियोजन, स्वास्थ्य जांच, टीबी मरीजों के उपचार, निक्षय मित्र योजना, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, एड्स नियंत्रण कार्यक्रम, नशामुक्त भारत अभियान तथा जन्म-मृत्यु पंजीकरण सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई।

### पीएचसी-सीएचसी में भी बेहतर उपचार उपलब्ध करवाएं



अंबाला। बैठक में भाग लेते हुए अधिकारीगण। फोटो: हरिभूमि

### एक भी पात्र व्यक्ति योजना से न रहे वंचित

डीसी ने आयुष्मान भारत और चिरायु योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में कोई भी पात्र व्यक्ति इन योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। अधिकारियों को शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए गए। वहीं मलेरिया, डेंगू और टायफाइड जैसी बीमारियों की रोकथाम एवं समय पर जांच को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग के साथ आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ता भी इस कार्य को गंभीरता से लें। टीबी मरीजों के उपचार और निक्षय मित्र योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

### 22 नवंबर को पोलियो बूथ व 23-24 को घर-घर अभियान

बैठक में पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि 22 नवंबर को पोलियो बूथों पर तथा 23 और 24 नवंबर को घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। डीसी ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी को स्कूलों तथा आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से लोगों को अभियान के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए, ताकि जिले में कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। बैठक में एसडीएम कनिका गोयल, सिविल सर्जन डॉ. रेणू बेरी, पीएमओ डॉ. पूजा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं चिकित्सक मौजूद रहे।

## डीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चलेंगी गतिविधियां: गुप्ता

### स्वस्थ जीवनशैली के प्रति लोगों को जागरूक करने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭अंबाला

जिले में योग और आयुष सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि योग को केवल विशेष आयोजनों तक सीमित न रखकर लोगों की दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाया जाए। इसके लिए स्कूलों, कॉलेजों, पार्कों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर नियमित योग शिविर और वेलनेस गतिविधियां आयोजित की जाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वस्थ जीवनशैली अपना सकें। उपायुक्त शुक्रवार को कैंप कार्यालय में आयुष विभाग की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने आयुष वेलनेस सेंटर (आयुष्मान आरोग्य मंदिर), पंचकर्मा केंद्रों, आयुष डिस्पेंसरी, योग शिविरों और स्कूलों में संचालित योग गतिविधियों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए अधिकारी मिशन मोड में काम करें और लोगों को इन सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाएं। बैठक में आयुष मोबाइल सेवा, हर पंचायत हर्बल वाटिका, निरोगी वरिष्ठ-आयुष वेलनेस कार्यक्रम, डिजिटल आयुष, कम्युनिटी आयुष वेलनेस कैंप, मातृ-शिशु आयुष वेलनेस कार्यक्रम, इंटीग्रेटिव हेल्थकेयर पायलट और आयुष फिट जिला वेलनेस मूवमेंट सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। डीसी ने अधिकारियों को पार्कों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर योग गतिविधियां आयोजित करने के साथ-साथ स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि योग के लाभों के बारे में लोगों को जागरूक करने के साथ उन्हें नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित करना जरूरी है। इसके लिए संबंधित विभाग आपसी तालमेल से कार्य करें, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके।



अंबाला। बैठक में शामिल होने वाले प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

### गूगल मैप से मिलेगी लोकेशन

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि नागरिक जिला प्रशासन अंबाला की वेबसाइट के माध्यम से जिले में संचालित आयुष संस्थानों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इन संस्थानों की लोकेशन गूगल मैप के जरिए भी देखी जा सकती है, जिससे लोगों को नजदीकी आयुष केंद्र तक पहुंचने में सुविधा होगी। बैठक में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल, पंचकर्मा विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र वर्मा, डॉ. संजय राजपाल, डॉ. दर्शन कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मारपीट मामले में चार गिरफ्तार

- कोर्ट के आदेश पर मुख्य आरोपी रिमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭मुलाना

सीआईए-मुलाना की टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने गाँव मनका में एक युवक पर जानलेवा हमला कर घायल करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 नवम्बर 2026 को चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जांच अधिकारी उप-निरीक्षक गुलशन कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता नितेश कुमार निवासी गाँव मनका, थाना मुलाना ने 04 नवम्बर 2026 को थाना मुलाना में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार, 03 नवम्बर 2026 को गाँव मनका में आरोपी सौरभ, परविन्द्र और उनके अन्य साथियों ने लाठी-डंडों व बिण्डों से शिकायतकर्ता के सिर पर गंभीर वार किए और उसे जान से मारने की धमकी दी। इस शिकायत पर थाना मुलाना में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच सीआईए-मुलाना को सौंपी गई थी। सीआईए-मुलाना के प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में उप-निरीक्षक गुलशन कुमार व उनकी टीम ने गहन जांच करते हुए चार आरोपियों को काबू किया।

### फरार आरोपी भी जल्द गिरफ्तार किए जाएंगे

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सौरभ निवासी गाँव मनका, थाना मुलाना, जिला अम्बाला, परविन्द्र सिंह निवासी गाँव सारन, थाना छप्पर, जिला यमुनानगर, नीरज निवासी गाँव सारन, थाना छप्पर, जिला यमुनानगर तथा सिमरनजीत सिंह उर्फ चपटा निवासी गाँव डेरा सलीमपुर, थाना बराड़ा, जिला अम्बाला के रूप में हुई है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया। अदालत ने मुख्य आरोपी सौरभ को पुलिस रिमांड पर भेज दिया है, ताकि वारदात में प्रयुक्त हथियार बरामद किए जा सकें और अन्य साथियों का सुराग लगाया जा सके, जबकि शेष तीन आरोपियों को न्यायिक हिरासत (जेल) में भेज दिया गया है। जांच अधिकारी का कहना है कि मामले की गहनता से जांच जारी है और इस वारदात में संलिप्त अन्य फरार आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# यौन अपराधों से जुड़े कानून बताए

- डीएवी कॉलेज लाहौर में विधिक जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭अंबाला

बाल यौन अपराधों के मामलों में नाबालिग की सहमति कानूनन मान्य नहीं होती और ऐसे मामलों में आरोपी को सजा का प्रावधान है। विद्यार्थियों को कानून के प्रति जागरूक करने और उनके अधिकारों की जानकारी देने के उद्देश्य से शुक्रवार को डीएवी कॉलेज लाहौर, अंबाला शहर में विशेष कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) की ओर से आयोजित इस शिविर में करीब 55 विद्यार्थियों और अन्य प्रतिभागियों ने भाग लिया। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के निर्देशों पर आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ता सरू जस्सी (लीगल एड काउंसिल) ने विद्यार्थियों और कॉलेज स्टाफ को विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम (पॉश एक्ट) के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही बाल यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत नाबालिगों की सुरक्षा, सहमति से जुड़े कानूनी प्रावधानों और दोषियों को मिलने वाली सजा के बारे में जागरूक किया।

### पीड़ितों को न्याय दिलाने पर जोर

बाल विवाह रोकने और पीड़ितों को न्याय दिलाने पर जोर:- शिविर में नालसा की आशा योजना-2025 के तहत बाल विवाह उन्मूलन से संबंधित मानक संचालन प्रक्रिया, जागरूकता, सहयोग और कानूनी कार्रवाई के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा नालसा स्पूहा योजना-2024 के तहत व्यक्तियों को उपलब्ध कानूनी सेवाओं, निःशुल्क विधिक सहायता, साइबर अपराधों से बचाव और नागरिकों के कानूनी अधिकारों पर भी चर्चा की गई।

# भविष्य के कार्यक्रमों पर चर्चा

- पंजाबी समाज के परिवार मिलन में रही गीत-संगीत की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭पंचकूला

पंजाबी समाज सभ्याचारिक मंच पंचकुला का मासिक परिवार मिलन सेक्टर 8 पंचकूला में बहुत ही सगींतमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वीना अरोड़ा के गाए भजन से हुई। पंजाबी समाज के अध्यक्ष आरपी मल्होत्रा ने सदस्यों के सामने अपनी बात रखते मंच के पिछले कार्यक्रमों में सदस्यों द्वारा पेश की गई प्रस्तुतियों की भूरि भूरि प्रशंसा की और कहा कि हमारे जोड़ की शहर में कोई दूसरी संस्था नहीं। मंच द्वारा भविष्य में होने वाले प्रायोजित कार्यक्रमों की भी चर्चा की। इसके बाद तंबोले के एक राउन्ड का सदस्यों ने आनंद लिया जिसकी एंकरिंग आभा साहनी ने की। संस्कृतिक प्रस्तुतियों में सदस्यों ने गीत नृत्य कविता गजल मोनो एक्टिंग आदि का सबरंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें आर. पी मल्होत्रा व अशोक भंडारी की कविताएं विजय सचदेवा मोहिनी सचदेवा, वीना अरोड़ा सुरिंदर अरोड़ा एवअविनाश मेहता अनीता मेहता के युगल गीत, आभा साहनी का हिमाचली गीत, राज ढींगडा व दीपा भल्ला की गजलें, दविंदर सोढ़ी सुनील मिनोचा सुनील मोहन कपूर गुलशन गिरधर प्रेम ढींगरा चन्द्र प्रभा दानी व एम आर दानी के गीत प्रस्तुत किए गए । पुनीत बेदी शाम लाल बजाज रेखा आष्टा ब्रत्मेष आष्टा नवनीत थापर नीलम थापर आर एस भल्ला व वीना कपूर आदि ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।



# सरकार की नीतियों से किसान-मजदूर परेशान

- कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में बोली विधायक पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭बराड़ा

विधायक पूजा ने अपने विधानसभा क्षेत्र के अंबाला वन के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं और संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में क्षेत्र की राजनीतिक परिस्थितियों, जनसमस्याओं तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने को लेकर कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया गया। विधायक पूजा ने दिल्ली में 1 नवंबर को आयोजित कांग्रेस की रैली को सफल बनाने के लिए मुलाना हल्के के कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत, एकजुटता और समर्पण के बल पर ही पार्टी के कार्यक्रम सफल होते हैं। कांग्रेस की असली ताकत उसके कार्यकर्ता हैं, जो लगातार जनता के बीच रहकर उनकी आवाज उठाते हैं।

इस दौरान विधायक ने भाजपा सरकार पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों से किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी और युवा परेशान हैं। महंगाई और बेरोजगारी के कारण आम आदमी पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता अब बदलाव चाहती है और आने वाला समय कांग्रेस का होगा।



बराड़ा। कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात करते हुए विधायक पूजा।

### खर्च में लगातार वृद्धि हो रही

गन्ने के समर्थन मूल्य में कथित तौर पर महज 15 पैसे प्रति किलो की बढ़ोतरी को लेकर विधायक पूजा ने सरकार को घेरते हुए कहा कि यह किसानों के साथ भद्दा मजाक है। उन्होंने कहा कि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। खाद, बीज, डीजल, बिजली और मजदूरी के खर्च में लगातार वृद्धि हो रही है, जबकि किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि किसानों को गन्ने का लाभकारी और उचित भाव मिलना चाहिए।

### दुकान में लूटपाट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने माडल टाऊन, अम्बाला शहर स्थित एक दुकान में घुसकर मोबाइल और नकदी लूटने के मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक वकील ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता श्री पंचु, निवासी माडल टाऊन, अम्बाला शहर ने 12 सितंबर 2026 को थाना बलदेव नगर में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि कुछ अज्ञात बदमाशों ने उनकी दुकान में जबरन घुसकर एक मोबाइल फोन और 2,000 रुपये की नकदी लूट ली और मौके से फरार हो गए। शिकायत के आधार पर थाना बलदेव नगर में त्वरित प्रभाव से मामला दर्ज कर गहन जांच शुरू कर दी गई थी। थाना बलदेव नगर पुलिस ने पुख्ता साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की और इस वारदात को अंजाम देने वाले तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान लवदीप सिंह उर्फ लम्बु निवासी गाँव फतेहपुर राजपुतान, थाना सनौर, जिला पटियाला पंजाब, रजत बालु निवासी गाँव फतेहपुर राजपुतान, थाना सनौर, जिला पटियाला पंजाब तथा प्रिन्स निवासी गाँव फतेहपुर राजपुतान, थाना सनौर, जिला पटियाला पंजाब के रूप में हुई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

### सफाई व्यवस्था निगरानी के लिए कमेटी गठित

**अंबाला।** अंबाला छावनी में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने और स्वच्छता से जुड़े कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने गठित कमेटी की संरचना में बदलाव किया है। उपायुक्त के आदेशों की अनुपालना में नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कमेटी की निरंतरता में नए सदस्यों को शामिल करने संबंधी आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशों के अनुसार उपमंडल अधिकारी नागरिक (एसडीएम), अंबाला छावनी कमेटी के अध्यक्ष होंगे। वहीं नगर परिषद अंबाला सदर के कार्यालय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें) के कार्यकारी अभियंता तथा सिविल सर्जन कार्यालय के लेखा अधिकारी को कमेटी का सदस्य बनाया गया है। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने बताया कि कमेटी के गठन से संबंधित पूर्व में निर्धारित सभी नियम एवं शर्तें पहले की तरह लागू रहेंगी।

## शिविर | लघु सचिवालय बराड़ा के सभागार में एसडीएम ने सुनीं समस्याएं

# आमजन की समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता,अधिकारियों को कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭बराड़ा

नागरिकों की समस्याओं के समाधान को लेकर प्रशासन ने लघु सचिवालय बराड़ा के सभागार में आयोजित समाधान शिविर के दौरान विभिन्न शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की। एसडीएम सतीन्द्र सिवाच ने लोगों की समस्याओं को सुनने के साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से शिकायतों की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली और अधिकांश मामलों का मौके पर ही समाधान करवाया। एसडीएम ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्याओं के समाधान में अनावश्यक देरी न की जाए। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से शिकायतों से संबंधित जानकारी प्राप्त की तथा जहां तत्काल कार्रवाई संभव थी, वहां मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करवाया। जिन शिकायतों के निपटारे के लिए विभागीय प्रक्रिया पूरी करना आवश्यक था, उनके संबंध में संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई पूरी कर शिकायतकर्ता को राहत प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को अपनी छोटी-बड़ी समस्या के समाधान के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।



बराड़ा। समाधान शिविर में अपनी शिकायतों का निपटारा करवाते हुए लोग।

### ये रहे मौजूद

अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे शिकायत मिलने के बाद केवल औपचारिक कार्रवाई तक सीमित न रहें, बल्कि उसका वास्तविक समाधान सुनिश्चित करें। एसडीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन से जुड़ी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। शिकायतों के समाधान में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखें तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करें। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।